81169 - उसने सोचा कि गर्भपात के साथ निकलने वाला खून निफ़ास का खून है, इसलिए उसने अपना रोज़ा तोड़ दिया

प्रश्न

रमज़ान के महीने में एक दिन मैं तीन महीने से कम समय के गर्भ को गिरवाने के लिए अस्पताल गई। मैंने कुछ दवाएँ लीं, और गर्भपात के बाद मैंने यह सोचकर कुछ खाना खाया कि मेरे लिए खाना खाना जायज़ है। लेकिन घर वापस आने के बाद मैंने इंटरनेट पर सर्च किया और मुझे पता चला कि मुझे रोज़ा रखना और नमाज़ पढ़ना चाहिए था, क्योंकि वह खून ख़राब खून है। इसलिए मैंने रमज़ान ख़त्म होने के बाद उस दिन की क़ज़ा की जो मुझसे छूट गया था। क्या मैंने जो किया वह पर्याप्त है या मुझे क्या करना चाहिए ?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

सर्व प्रथम :

जानबूझकर गर्भपात कराने का हुक्म प्रश्न संख्या : (42321) के उत्तर में उल्लेख किया जा चुका है, इसलिए उसे देखें।

इसी तरह विभिन्न चरणों में भ्रूण के गिरने पर निष्कर्षित होने वाले नियमों का वर्णन प्रश्न संख्या : (12475) के उत्तर में किया जा चुका है।

दूसरा :

यदि कोई महिला अपने भ्रूण का गर्भपात कराती है और उसमें कोई मानवीय लक्षण (मानव संरचना) स्पष्ट नहीं होता है, जैसे कि सिर और अंग (हाथ-पैर), तो उसके साथ निकलने वाला खून खराब खून है, जो नमाज़ पढ़ने और रोज़ा रखने से नहीं रोकता है। यदि उसमें मानवीय लक्षण (मानव संरचना) स्पष्ट है, तो वह रक्तस्राव प्रसवोत्तर रक्त है। न्यूनतम अवधि जिसके दौरान मानव संरचना स्पष्ट होता है, इक्यासी दिन है, जैसा कि उत्तर संख्या (37784) में बताया गया है।

तीसरा :

यदि आपने यह सोचकर अपना रोज़ा तोड़ दिया कि निकलने वाला खून निफास का खून (प्रसवोत्तर रक्तस्राव) है, फिर पता

चला कि वह खराब खून था, और आपने रोज़े और नमाज़ की क़ज़ा कर ली, तो आपको कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन यदि आपने उस दिन की नमाज़ की क़ज़ा नहीं की है, तो उसकी क़ज़ा करने में जल्दी करें।

अल्लाह हमें और आपको अपनी आज्ञा मानने और अपनी प्रसन्नता प्राप्त करने की तौफ़ीक़ प्रदान करे।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।